विषय कोड
Subject Code : **101/201**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**J**

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2019

## (ANNUAL)

# HINDI

## हिन्दी

प्रश्न-पत्र पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

### I. Sc. & I. Com. NRB – MB – Non - HINDI

कुल प्रश्नों की सख्या: 30
**Total No. of Questions: 30**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08
**Total No. of Printed Pages: 08**

(समय: 1 घंटा 37.5 मिनट)
[Time: 1 Hour 37.5 Minutes]

(पूर्णांक: 50)
[Full Marks: 50]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश–***

1. परीक्षार्थी यथा सम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 7.5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डो मे है, **खण्ड – अ** एव **खण्ड – ब** ।
6. **खण्ड - अ में 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR – उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. **खण्ड – ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।**
8. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का उपयोग वर्जित है।

## खण्ड –अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 25 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए है, जिनमे से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR – शीट पर चिन्हित करें। (25×1=25)

1. 'कारक' के कितने भेद होते है?

(A) छः (B) आठ

(C) सात (D) पाँच

2. 'समास' के कितने भेद होते है?

(A) पाँच (B) छः

(C) चार (D) आठ

3. 'विशेषण' के कितने भेद होते है?

(A) चार (B) पाँच

(C) आठ (D) छः

4. 'गणेश' शब्द का संधि – **विच्छेद है –**

(A) गण + ईस (B) गण + ईश

(C) गन् + ईश (D) इनमें से कोई नहीं

5. हिन्दी व्याकरण में लिंग के कितने भेद होते हैं?

(A) पाँच
(B) दस
(C) तीन
(D) दो

6. किस कवयित्री को इनमें से 'आधुनिक युग की मीरा' कहा जाता है?

(A) मीराबाई
(B) सुभद्रा कुमारी चौहान
(C) दुलाई वाली
(D) महादेवी वर्मा

7. 'भारत माता ग्रामवासिनी' के कवि का नाम लिखें –

(A) रामधारी सिंह दिनकर
(B) आरसी प्रसाद सिंह
(C) सुमित्रानंदन पंत
(D) राम नरेश त्रिपाठी

8. 'मानव' शब्द का विलोम होता है –

(A) अमानव
(B) आदिमानव
(C) दानव
(D) राक्षस

9. 'कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर' के रचनाकार कौन हैं?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) हरिशंकर परसाई
(D) महादेवी वर्मा

10. 'लम्बोदर' शब्द कौन – सा समास है?

(A) तत्पुरुष समास
(B) द्विगु समास
(C) बहुव्रीहि समास
(D) नञ समास

11. हिन्दी साहित्य में किस लेखक को 'कलम का जादूगर' कहा गया है?

(A) फणीश्वरनाथ रेणु
(B) प्रेमचंद
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी
(D) नागार्जुन

12. 'ज्ञान' शब्द का विलोम होता है –

(A) विज्ञान
(B) महाज्ञान
(C) सर्वज्ञान
(D) अज्ञान

13. 'जीवन का झरना' शीर्षक कविता के कवि का नाम लिखें –

(A) हरिशंकर परसाई
(B) महादेवी वर्मा
(C) आरसी प्रसाद सिंह
(D) पंत

14. हिन्दी में स्वर – वर्ण कितने हैं?

(A) छः
(B) ग्यारह
(C) उनन्यास
(D) पाँच

15. मोती शब्द का लिंग – निर्णय करें –

(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

16. इनमें से कौन – सी प्रेमचंद की रचना है?

(A) गोदान (B) मैला – आँचल

(C) कामायनी (D) [illegible]

17. धर्म शब्द का विशेषण है –

(A) अधर्मी (B) धार्मिक

(C) धर्मनिष्ठ (D) इनमें से कोई नहीं

18. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी किस प्रकार के रचनाकार हैं?

(A) नाटककार (B) व्यंग्यकार

(C) निबंधकार (D) चित्रकार

19. 'कलम' शब्द का लिंग – निर्णय करें –

(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

20. माँ – बाप शब्द कौन – सा समास है?

(A) द्वन्द्व समास
(B) द्विगु समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) कर्मधारय समास

21. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म किस वर्ष हुआ था?

(A) 1908 ई.
(B) 1950 ई.
(C) 1925 ई.
(D) इनमे से कोई नही

22. ठिठुरता हुआ गणतंत्र' साहित्य की कौन सी विधा है?

(A) नाटक
(B) कहानी
(C) निबंध
(D) एकांकी

23. 'अन्याय' शब्द का संधि – विच्छेद है –

(A) अन्य + आय
(B) अन् + न्याय
(C) अन्य + न्याय
(D) अन्य + अन्य

24. इनमें से कौन – सी रचना महादेवी वर्मा की है?

(A) 'गौरा
(B) कफन
(C) पंचलाइट
(D) ईदगाह

25. 'श्रृंगार' शब्द का विशेषण होता है –

(A) धार्मिक
(B) श्रृंगारिक
(C) धनवान
(D) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड –ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 25 (पच्चीस) अंकों का होगा।

1. निम्नलिखित में से किसी एक का भावार्थ लिखें – (5)

(i) रहिमन वे नर मर चुके,
जे कहुँ माँगन जाहिं।
उनते पहले वे मुए,
जिन मुख निकसत नाहिं।।

(ii) भारत माता ग्रामवासिनी!
खेतों में फैला है श्यामल
धूल – भरा मैला – सा आँचल
गंगा – यमुना में आँसू – जल,
मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी!

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए (5)

(i) रामवृक्ष बेनीपुरी रचित 'मंगर' शीर्षक शब्द – चित्र का सारांश लिखें।

(ii) 'गौरा' का चरित्र – चित्रण करें।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्न का उत्तर दीजिए : (5)

(i) 'गौरा' शीर्षक रेखा–चित्र की लेखिका का नाम लिखें।

(ii) 'भकोलिया' किस शब्द–चित्र का पात्र है।

(iii) 'लहूलुहान समाजवाद टीले पर खड़ा है' – किस पाठ से उद्धृत है?

(iv) 'देवालय का देवता मौन, पर मन का देव मधुर बोले' – किस पाठ से उद्धृत है?

(v) चलना है केवल चलना है,
जीवन चलता ही रहता है। – किस पाठ से उद्धृत है?

(vi) 'मानचित्र पर जो मिलता है,
नहीं देश भारत है' – किस पाठ से उद्धृत है?

4. संक्षेपण करें – (5)

इस देश में भाषण आदि के रूप में मंत्रोच्चार द्वारा तो इस जातिवाद के भूत को भगाया नही जा सकता। आखिर जातियाँ भी तो वर्ग ही होती है और व्यक्ति वर्गों के भीतर ही, कार्यरत हो सकते है। विशेष रूप से, जब वे भारतीय राष्ट्र की भांति एक विशाल एवं मिश्रित समुदाय के अंग है। जाति मे जो बुराइयाँ है वे यह नही कि वह एक अलग वर्ग होता है, बल्कि उसकी बुराईयाँ होती है – उसकी वंश परम्परा से प्राप्त रूढ़ियादिता, समाज के साथ अपने वर्ग का सामंजस्य बैठाने की असमर्थता और यह तय कर पाने की अक्षमता कि कहाँ समाज की अपेक्षा वर्ग को गौण माना जाए।

5. किसी एक विषय पर निबंध लिखें – http://www.bsebstudy.com (5)

(i) आपका प्रिय रचनाकार

(ii) पर्यावरण : संरक्षण की आवश्यकता

(iii) कम्प्यूटर : आधुनिक यंत्र – पुरुष

(iv) दहेज प्रथा : एक अभिशाप

(v) नशा सेवन : एक सामाजिक कलंक

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य को एक आवेदन – पत्र लिखें जिसमे कॉलेज परित्याग – प्रमाण पत्र निर्गत करने का अनुरोध हो।

---